जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / आर0कैम्प(सा0प्र0) /1730/ 2020 दिनांकः 01 सितम्बर, 2020

अति–आवश्यक / महत्वपूर्ण

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,

समस्त अनुदानित, राजकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,

सम्बद्ध जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।

विषयः–विश्वविद्यालय द्वारा कालेज लॉग–इन पर अपलोड किये जाने वाले निर्देश / पत्र एवं सूचनाएं आदि महाविद्यालयों द्वारा नियमित रूप से नहीं देखे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों से समय समय पर सूचनाएं एवं अन्य विवरण उपलब्ध कराये जाने हेतु महाविद्यालयों को उपलब्ध कराये गये **कालेज लॉग–इन** पर पत्र एवं निर्देश जारी किये जाते है परन्तु महाविद्यालया के स्तर पर विश्वविद्यालय के निर्देशों आदि का समय से अवलोकन न किये जाने से शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा सीधे विश्वविद्यालय को सम्पर्क किया जाता है। समय–समय पर शासन स्तर से प्रेषित प्रारूपों पर सूचनाएं महाविद्यालयों से माँगे जाने हेतु कालेज लॉग–इन पर पत्र प्रेषित किया जाता है परन्तु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा ऐसे प्रकरणों को गंभीरता से न लेते हुए उदासीनता बरती जाती है।

यह भी विदित हो कि वर्तमान परिस्थितियों में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के मध्य बेहतर एवं त्वरित संवाद एवं सूचनाओं के आदन–प्रदान के लिए कालेज लॉग–इन एवं वेबसाइट ही एक मात्र ऑनलाइन माध्यम है। अतएव, समस्त महाविद्यालयों से अपेक्षित है कि दिन में कम से कम दो बार अनिवार्य रूप से कालेज लॉग–इन खोलकर अवश्य देख लें तथा अपेक्षित सूचनाएं निर्धारित समय से विश्वविद्यालय के ई–मेलः–**jncuballia@gmail.com** पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे की शासन स्तर पर विश्वविद्यालय की स्थिति असहज न हो सकें।

उपर्युक्त निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का कष्ट करें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय की कालेज लॉग–इन लगातार तीन दिनों तक न खोले जाने पर बलॉक कर दी जाएगी तथा पुनः आवेदन करने के उपरान्त ही नई कालेज लॉग–इन एवं पासर्वड निर्धारित शुल्क जमा करने पर ही उपलब्ध कराई जाएगी।

(संजय कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति महोदया,
2. प्रबन्धक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
3. उप कुलसचिव को विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं कालेज लाग–इन पर अपलोड कराये जाने हेतु।
4. विश्वविद्यालय सूचना–पट्ट।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com

Scanned with CamScanner